# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान,

(मानद विश्वविद्यालय)

माधव विलास पैलेस, आमेर रोड़, जयपुर-302002

**फर्म का नामः** ...............................................

**पताः** ...............................................

...............................................

## <u>निविदा प्रपत्र</u>

1. विषय : निविदा जिस कार्य/वस्तु के लिये दिया जा रहा है
   उसका नाम : **Rate Contract for Supply of Experimental Animals**
2. निविदादाता का पूरा नाम : ...........................................................
3. प्रेषित अधिकारी/कार्यालय का नाम : कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर
4. धरोहर राशि ..............रूपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट नम्बर............... दिनांक ..............के द्वारा राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में जमा करा दी है ।
5. मैं/हम निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न शर्तो को स्वीकार करते है और इससे बाध्य रहेगें ।

स्थानः

दिनांक

**निविदादाता के हस्ताक्षर**

(सूचक मय रबड़ स्टाम्प)

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर
(मानद विश्वविद्यालय)
**भारत सरकार द्वारा संस्थापित**
**माधव विलास पैलेस, आमेर रोड,**
**जयपुर-302002 (राजस्थान)**

**निविदा शर्ते**

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर, भारत सरकार आयुष मंत्रालय नई दिल्ली के अधीन है जो आयुर्वेद को आगे बढाये जाने एवं उसका विकास करने के लिए विशिष्ट योग्यताधारी अध्यापकों, वैद्यों के माध्यम से विद्यार्थियों को अध्ययन-अध्यापन, शोध कार्य करवाये जाने के साथ आयुर्वेद पद्दती से बिमारियों का ईलाज करता है, जो निम्नालिखित रेट कॉन्ट्रेक्ट करने के लिए बाजार में CPCSEA द्वारा Experimental Animal के विक्रय के वैध लाइसेन्सधारी फर्मो से सम्पूर्ण विवरण सहित ई-निविदा आमंत्रित करता है। ई-निविदा सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app एवं संस्थान की वेबसाईट www.nia.nic.in से डाउनलोड कर सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर भरा जावेगा।

| क.सं. | कॉन्ट्रेक्ट का नाम | निविदा अनुमानित लागत | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | Rate Contract for Supply of Experimental Animal | 7,00,000/- | 14,000/- |

1. निविदादाताओं द्वारा सी.पी.पी. पोर्टल पर निविदा निम्नलिखित प्रकार से भरी जायेगी -

| क्र.सं. | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर भरने की प्रांरभ तिथि एवं समय (https://eprocure.gov.in/eprocure/app) | 26-03-2025 17:00 बजे से |
| 2. | प्री-बिड मीटिंग की तिथि एवं समय स्थान:- सेमीनार हॉल, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर | 02-04-2025 15:00 बजे से |
| 3. | निविदा ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि एवं समय (https://eprocure.gov.in/eprocure/app) | 16-04-2025 15:00 बजे तक |
| 4. | निविदा शुल्क तथा धरोहर राशि का डी.डी. संस्थान में जमा करने की अंतिम तिथि | 16-04-2025 15:00 बजे तक |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 17-04-2025 15:00 बजे |

2. निविदादाता को धरोहर राशि 14,000/- का बैंक ड्राफ्ट **Vice Chancellor, National Institute of Ayurveda (Payable at Jaipur)** के नाम प्रेषित करना अनिवार्य होगा, चैक व एफ.डी.आर. मान्य नहीं होगी तथा बिना धरोहर राशि/अपर्याप्त धरोहर राशि के अभाव में प्रारम्भिक रूप से ही निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
3. MSME एवं Startups निविदादाता फर्मो को वैध दस्तावेजों के प्रस्तुतिकरण पर नियमानुसार MSME/Startups के प्रावधानों का का पालन किया जायेगा।
4. निविदा फार्म सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app एवं संस्थान की वेबसाईट www.nia.nic.in से डाउनलोड कर सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर भरा जावेगा। निविदा भरने की अन्तिम तिथि दिनांक 16-04-2025 को मध्यान्ह पश्चात् 3:00 बजे तक रहेगी ।
5. निविदा की Pre-Bid Meeting इच्छुक/संभावित निविदादाताओं के साथ संस्थान में दिनांक 02-04-2025 को 3:00 PM बजे रखी जायेगी। सभी इच्छुक/संभावित निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे Pre-Bid Meeting से पहले या उसके 24 घंटे के भीतर लिखित में अपने सुझाव या प्रतिवेदन,

अगर कोई हो तो संस्थान की Email ID: nia.centralstore7@gmail.com या store-nia-rj@gov.in पर भेजें ।

6. फर्म के पास CPCSEA द्वारा Experimental Animal के विक्रय का वैध लाइसेन्स होना अनिवार्य है।
7. फर्म द्वारा दी गयी दर फ्री टु डोर डिलीवरी के अनुसार होगी
8. निविदादाता द्वारा टेक्नीकल बिड में फर्म से सम्बन्धित दस्वावेज जिसमें फर्म या संस्था सगंठन के दस्तावेज और CPCSEA द्वारा जारी किया गया वैध लाइसेन्स की प्रति संलग्न करनी होगी।
9. निविदा की फाईनेन्सियल एवं टेक्नीकल बिड पृथक्-पृथक् होगी। फाईनेन्सियल बिड में आमंत्रित की गई निविदा की दरें होगी जो **CPP Portal** पर **Online** भरी जायेगी तथा टेक्नीकल बिड में निविदा में चाहे गये वांछित दस्तावेज होगें जो ऑनलाइन ही अपलोड करने होंगे।
10. निविदादाता द्वारा टेक्नीकल बिड में फर्म का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, जीएसटी रजिस्ट्रेशन पत्र, विगत तीन वर्षो के आयकर रिटर्न प्रमाण पत्र/विगत तीन वर्षो का फर्म का न्यूनतम वार्षिक औसत टर्नओवर 3.50 लाख रूपये (सी.ए द्वारा प्रमाणित) फर्म को ब्लेकलिस्ट ना होने का शपथ पत्र,, फर्म का कार्य अनुभव(विगत तीन वर्षो का), इत्यादि से सम्बन्धित दस्तावेज प्रस्तुत करने होगें।
11. निविदादाता को पिछले न्यूनतम 3 वर्षो से सरकारी अथवा अर्द्धसरकारी कार्यालयों में निविदा से संबंधित या समान माल की आपूर्ति करने का अनुभव होना चाहिए। इसके प्रमाणस्वरूप निविदादाता को पिछले 3 वर्षो में प्राप्त क्रयादेशों की प्रतियां तकनीकी निविदा दस्तावेजों के साथ ऑनलाईन प्रस्तुत करनी होगी।
12. निविदादाता का पिछले 3 वर्षो से न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नऑवर 3,50,000/- रूपये होना आवश्यक है, जिसके संबंध में निविदादाता को तकनीकी निविदा दस्तावेजों के साथ सी.ए. से सत्यापित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
13. निविदादाता द्वारा दरें निर्धारित **BOQ** में **Online** अंकों एवं शब्दों में **Online CPP Portal** पर भरनी होगी । निविदा में दरें डेसीमल में मान्य नहीं होगी तथा अंको एवं शब्दों में लिखी दरों में भिन्नता होने पर शब्दों में लिखी दरें मान्य होगी।
14. प्राप्त निविदा की पहले टेक्नीकल बिड संस्थान निविदा मूल्यांकन समिति के समक्ष दिनांक 17-04-2025 को 3:00 PM बजे खोली जावेगी। टेक्नीकल बिड में सफल निविदादाताओं की ही फाईनेन्सियल बिड खोली जावेगी तथा असफल निविदादाताओं की धरोहर राशि टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् लौटा दी जावेगी।
15. फाईनेन्सियल बिड में सफल निविदादाताओं द्वारा निविदा अनुमानित राशि की 5 प्रतिशत सिक्यूरिटी राशि का डी.डी. कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के नाम से जमा करवाना अनिवार्य होगा एवं 500/-के नॉनज्यूडिसियल स्टैम्प पैपर पर निविदा में निर्धारित अनुबन्ध पत्र प्रस्तुत करना होगा असफल निविदादाताओं की धरोहर राशि टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् लौटा दी जावेगी।
16. सफल निविदादाताओं द्वारा आदेश में अंकित दरों के अन्तर्गत कार्य करना होगा । आदेशित कार्य न करने पर धरोहर राशि व अमानत राशि जब्त कर ली जायेगी ।
17. फर्म द्वारा संतोषप्रद सप्लाई नहीं करने पर टेण्डर (निविदा) निरस्त किया जा सकता है ।
18. निविदा खुलने के बाद निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दरों एवं शर्तो में कोई परिवर्तन किया जाता है तो संस्थान को अमानत एवं सिक्यूरिटी राशि जब्त करने का अधिकार होगा तथा फर्म पर जीएफआर अनुसार कार्यवाही की जावेगी। फर्म की कोई भी शर्त मान्य नहीं होगी।
19. निविदा की फाइनेन्सियल बिड खोलने पर सभी आइटमों में जिस फर्म की ऑवरआल दरें न्यूनतम होगी उसी फर्म को कार्यादेश दिया जायेगा।
20. न्यूनतम दर होने के आधार पर रेट कॉन्ट्रेक्ट करने के लिये या दर स्वीकृत करने के लिये संस्थान बाध्य नही होगा। यदि न्यनूतम दर एक से अधिक फर्मो की आती है, तो ऐसी स्थिति में फर्मो का विगत तीन वर्षो का टर्नओवर, कार्य अनुभव, तथा केन्द्रीय एवं राज्य सरकारों एवं सरकारी उपक्रमों में सप्लाई करने का अनुभव जिसका अधिक एवं कार्य प्रफोरमेन्स जिसकी जितनी अच्छी होगी मूल्यांकन किया जाकर न्यूनतम दर तय की जावेगी।

21. प्राप्त निविदा को किसी भी समय, बिना सूचना के पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से बिना कोई कारण बताये अस्वीकृत या रद्द करने का अधिकार संस्थान कुलपति को होगा ।
22. निविदादाता द्वारा दी गयी दर मे GST/अन्य कर व समस्त खर्च सम्मिलित होगें।
23. Experimental Animals की आपूर्ति करते समय रास्ते में नुकसान की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी एवं Experimental Animals की आपूर्ति आदेश में अंकित निर्धारित समय **(30 दिन)** में करनी होगी**। समय पर आपूर्ति नहीं किए जाने पर** आपूर्ति आदेश **के कुल मूल्य का** 0.5 प्रतिशत प्रति सप्ताह **से ले कर 10 प्रातशत प्रति सप्ताह** विलम्ब शूल्क **(**पैनल्टी) **आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा** देय होगा। आपूर्तिकर्ता **फर्म द्वारा** विलम्ब शूल्क (पैनल्टी) की अवधि समाप्त होने तक Experimental Animals की आपूर्ति नहीं किए जाने की स्थिति मे / कम आपूर्ति किए जाने की स्थिति मे संस्थान द्वारा बाजार से Experimental Animals क्रय कर लिये जाएंगे तथा मूल्य के अंतर की राशि फर्म से पैनल्टी के रूप मे वसूली जाएगी।
24. निविदा में स्वीकृत दर की प्रभावशीलता समाप्त होने एवं दिया गया आदेशित कार्य पूर्ण होने के 60 दिन बाद सिक्यूरिटी राशि लौटा दी जायेगी।
25. निविदा में अंकित दरें एक वर्ष के लिए मान्य होगी यदि फर्म का कार्य सन्तोषजनक पाया जाता है तो उक्त रेट कॉन्ट्रेक्ट को आपसी सहमति से कुलपति महोदय की स्वीकृति उपरान्त अधिकतम 2 वर्ष तक एक–एक वर्ष या उसके किसी भाग के लिए अवधि वृद्वि की जा सकेगी तथा फर्म को 500/–के नॉनज्यूडिसियल स्टैम्प पैपर पर (Annexure-B) निविदा में निर्धारित अनुबन्ध पत्र प्रस्तुत करना होगा। रेट कॉन्ट्रेक्ट की अवधि घटाये एवं बढाये जाने का अधिकार श्रीमान कुलपति महोदय को होगा।
26. फर्म आदि के गठन में किसी भी परिवर्तन की सूचना कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को लिखित में निविदादाता द्वारा दी जाएगी तथा इस परिवर्तन से संविदा के अधीन किसी भी दायित्व से फर्म के पहले के सदस्य/सदस्यों को मुक्त नहीं किया जाएगा।
27. संविदा के सम्बन्ध में फर्म के किसी भी भागीदार/भागीदारों को निविदादाता द्वारा फर्म में तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक कि इसकी समस्त शर्तो को मानने के लिए लिखित रूप से बाध्य नहीं हो जाते एवं कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को इस सम्बन्ध में लिखित इकरारनामा प्रस्तुत नहीं कर देते।
28. फर्म द्वारा संन्तोषप्रद कार्य/सप्लाई नहीं करने पर निविदा निरस्त करने का अधिकार संस्थान कुलपति को होगा।
29. फर्म द्वारा प्रस्तुत बिल में से नियमानुसार टी.डी.एस. राशि काटी जायेगी, जिसके लिये फर्म को निविदा के साथ पेन कार्ड की कॉपी संलग्न करनी होगी ।
30. सभी विवादों के निपटारें हेतु न्याय क्षेत्र जयपुर होगा ।

**-Sd-**

**संयुक्त निदेशक (प्रशासन)**

मैनें/हमने उपरोक्त समस्त शर्तो को ध्यानपूर्वक पढकर अच्छी तरह समझ लिया हैं तथा समस्त शर्तो की पालना हेतु बाध्य हूँ/हैं ।

हस्ताक्षर निविदादाता मय मोहर

**Annexure-A**

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान

(मानद विश्वविद्यालय)

माधव विलास पैलेस, आमेर रोड़, जयपुर-302002

**Rate contract For Supply Of Experimental Animals**

| S. No. | Particulars |
|---|---|
| 1. | Albino Wistar Rat |
| 2. | Sprauge Dwaly Rat |
| 3. | Rabbit Newzealand White |
| 4. | Guinea Pig Dunkin Hartly |
| 5. | Mice Balb/C |
| 6. | Mice Swiss Albino |
| 7. | Mice Nude Mice |

निविदादाता के हस्ताक्षर

Annexure-B

500/-के नॉनज्यूडिसियल स्टाम्प पेपर पर

<u>अनुबन्ध-पत्र</u>

1. यह करार आज दिनांक ................ जो कि M/s ....................... (अनुमोदित वितरक) प्रथम पक्ष कहलायेगा तथा जहां पर इस प्रकार का प्रसंग आवेगा इसमें उसका उत्तराधिकारी निष्पादन एवं प्रशासक भी शामिल होगा एवं दूसरी ओर से द्वितीय पक्ष राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, मानद विश्वविद्यालयए जयपुर जिसका की अर्थ प्रसंग आने पर कार्यालय में उनके उत्तराधिकारी से होगा, के बीच सम्पन्न किया गया।

2. चूंकि प्रथम पक्ष (M/s .......................) राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर को आदेशित (टेन्डर/ रेट कान्ट्रैक्ट का नाम) Rate Contract for Supply of Experimental Animals की आपूर्ति करने पर सहमत हो गया है। अतः इसके संलग्न अनुसूची में Experimental Animals का विवरण मय नाम दर इत्यादि का उल्लेख अनुसूची के कॉलम 2 से 4 में किया गया है।

3. चॅूकि प्रथम पक्ष (M/s .......................) ने रूपये ....................... का डी.डी. संख्या ...................... दिनांक ....................... जो अनुबन्ध के उचित परिपालन के प्रयोजन के लिए प्रतिभूति के रूप में जमा कर दिये हैं।

4. प्रथम पक्ष (M/s .......................) साक्षियां प्रस्तुत करते हैं कि :-

a) एतद् संलग्न अनुसूची में दी गई दरों पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के जरिये किये जाने वाले भुगतानों को ध्यान में रखते हुये प्रथम पक्ष (M/s .......................) CS-6/3/2025-CS/ Rate Contract for Supply of Experimental Animals /2025-26 की निविदा दिनांक 26-03-2025 की समस्त शर्तों में व दिये गये तरीकों के अनुसार संलग्न अनुसूची के कॉलम 2 व 3 में वर्णित Experimental Animals की कॉलम संख्या 5 में दी गई अवधि में उचित आपूर्ति का कार्य करेगा।

b) निविदा विज्ञापन संख्या CS-6/3/2025-CS/ Rate Contract for Supply of Experimental Animals /2025-26दिनांक 26-03-2025 के साथ तथा अनुबन्ध के साथ भी संलग्न निविदा की शर्तों को इस अनुबंध के एक भाग के रूप में समझा जावेगा, जो इस अनुबन्ध को करने वाले दोनों पक्षों द्वारा मान्य होगा।

c) निविदा दाता प्रथम पक्ष (M/s .......................) से प्राप्त पत्र (यदि कोई हो तो) संख्या ..................... दिनांक ..................... और राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर द्वारा जारी पत्र क्रमांक: CS-6/3/2025-CS/ Rate Contract for Supply of Experimental Animals /2025-26/..................... दिनांक ..................... जो इस अनुबन्ध के साथ संलग्न हैं इस अनुबन्ध पत्र के अंश होगें।

d) राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर एतद् द्वारा इस बात पर सहमत होता है कि प्रथम पक्ष (M/s .......................) उक्त तरीके से Experimental Animals की आपूर्ति का कार्य ठीक प्रकार से करेगा तथा निविदा की शर्तों को ध्यान में रखेगा एवं उनका पालन करेगा तो राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर प्रथम पक्ष (M/s .......................) द्वारा Experimental Animals के लिये प्रेषित बिल की देय राशि का उक्त शर्तों में दिये समय पर एवं उसमें बताये गये ढंग से राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के जरिये भुगतान करेगा अथवा करायेगा।

5. भुगतान पी एफ एम एस (सार्वजनिक वित्तीय प्रबन्धन सेवा) के माध्यम से होगा।

6. Experimental Animals की आपूर्ति करते समय रास्ते मे नुकसान की जिम्मेदारी निविदादाता प्रथम पक्ष (M/s .......................) की होगी एवं Experimental Animals की आपूर्ति, आपूर्ति आदेश मे अंकित निर्धारित समय 30 दिन मे करनी होगी । समय पर आपूर्ति नहीं किए जाने पर आपूर्ति आदेश के कुल मूल्य का 0.5 प्रतिशत प्रति सप्ताह से ले कर 10 प्रतिशत प्रति सप्ताह विलंब शुल्क (पैनल्टी) आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा देय होगा। निविदादाता (आपूर्तिकर्ता) फर्म द्वारा विलंब शुल्क (पैनल्टी) की अवधि समाप्त होने तक Experimental Animals की आपूर्ति नहीं किए जाने की स्थिति मे / कम आपूर्ति किए जाने की

स्थिति मे संस्थान द्वारा बाजार से Experimental Animals क्रय कर लिये जाएंगे तथा मूल्य के अंतर की राशि फर्म से पैनल्टी के रूप मे वसूली जाएगी।

7. यदि प्रथम पक्ष (M/s ......................) अनुबंध में निर्धारित समावधि में किन्ही व्यवधान के कारण Experimental Animals की आपूर्ति करने में असफल रहता है तो व्यवधान उत्पन्न होते ही राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर को तुरंत लिखित में अवगत करायेगा, लेकिन समयावधि बढाये जाने हेतु आवेदन निर्धारित तिथि से पूर्व करना होगा।

8. अनुबन्ध से उत्पन्न होने वाले सभी विवाद एवं अनुबन्ध निर्वचन (Interpretation) से सम्बन्धित सभी प्रश्न राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर द्वारा तय किये जावेगे एवं उसमें राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर का निर्णय अन्तिम होगा। किसी तरह की असहमति या विवाद होने पर जयपुर स्थित न्यायालय का क्षेत्राधिकार रहगा। उक्त साक्षी में पार्टियों द्वारा दिनांक...... ........... ..... ..... .......... को अपने हस्ताक्षर कर दिये हैं।

प्रथम पक्ष (आपूर्तिकर्ता फर्म)
(अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता )

द्वितीय पक्ष (अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)
उप निदेशक (प्रशासन)
राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर

दिनांक -----

साक्षी संख्या 1
नाम -
पिता का नाम -
आधार संख्या -
मोबाईल नम्बर -
पूर्ण पता -

साक्षी संख्या 1

साक्षी संख्या 2
नाम -
पिता का नाम -
आधार संख्या -
मोबाईल नम्बर -
पूर्ण पता -

साक्षी संख्या 2

अनुसूची

| क्र.सं. (1) | Experimental Animals का नाम (2) | संख्या /मात्रा (3) | अनुमोदित दर (सभी कर सहित) (4) | आपूर्ति अवधि (5) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |